Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

# Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

## प्रेसनोट

## बाघ पुनर्स्थापना योजना का 5वां बाघ जन्म दिवसोत्सव एवं पन्ना नेचर कैम्प के 100 कैम्प पूर्ण होने के उपलब्ध में आयोजित कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पन्ना बाघ पुनर्स्थापना योजना के तहत लाई गई बाघिन टी–1 की पहली सन्तान 16 अप्रैल 2010 को हुई थी, इस कारण से पन्ना टाइगर रिजर्व में हरवर्ष 16 अप्रैल को बाघ जन्म दिवसोत्सव मनाया जाता है। जन समर्थन से बाघ संरक्षण की आशय की पूर्ति की दिशा में स्थानीय स्तर पर जनता में पर्यावरण एवं बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वर्ष 2010 से पन्ना नेचर कैम्प संचालित किये जा रहे हैं। इसी वर्ष 100 पन्ना नेचर कैम्प पूर्ण हुए है। अतः पन्ना बाघ पुनर्स्थापना योजना का 5वां बाघ जन्म दिवसोत्सव एवं 100 पन्ना नेचर कैम्प पूर्ण होने के उपलक्ष में–

1. निम्नानुसार नेचर कैम्प के प्रतिभागियों एवं स्कूल छात्र/छात्राओं प्रतियोगितायें दिनांक 14.04.2015 को आयोजित है:–

| क्र0 | दिनांक | समय | स्थान | कार्यक्रम का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.04.2015 | 1000–1200 | पार्क कार्यालय पन्ना | निबन्ध पर्यावरण की मानव जीवन में उपयोगिता |
| 2 | 14.04.2015 | 1230–1430 | | भाषण वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण की आवश्यकता |
| 3 | 14.04.2015 | 1500–1700 | | क्विज वन एवं वन्यप्राणियों से सम्बन्धित प्रश्न |

2. दिनांक 16.04.2015 को प्रातः 0700 बजे छत्रसाल पार्क से पन्ना नेचर कैम्प्स एवं अन्य नागरिकों के द्वारा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली का शुभारम्भ **श्री मोहन लाल कुशवाहा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिसद एवं श्री रविराज सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना** के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर किया जावेगा।
3. पन्ना बाघ पुनर्स्थापना योजना का 5वां बाघ जन्म दिवसोत्सव एवं 100 पन्ना नेचर कैम्प पूर्ण होने के उपलक्ष आयोजित समारोह में **श्री नागेन्द्र सिंह, सांसद, संसदीय क्षेत्र खजुराहो की अध्यक्षता व सुश्री कुसुम सिंह महदेले माननीय मंत्री** पशुपालन, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास कुटी विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विधायक विधानसभा क्षेत्र पन्ना **के मुख्य आतिथ्य, श्री महेन्द्र बागरी, विधायक गुनौर एवं श्री रवि सिंह महा सचिव विश्व प्रकृति निधि–भारत नई दिल्ली एवं श्री नरेन्द्र कुमार मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक म.प्र. के विशेष आतिथ्य में दिनांक 16.04.2015 को सायं 7.00 बजे से छत्रसाल पार्क पन्ना में** कार्यक्रम आयोजित है।

समस्त से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

"जय हिन्द"

दिनांक – 13.04.2014

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना